समाचार

# नालों के निर्माण कार्य में तेजी लाएं, जलभराव के अन्य कारणों को भी दूर करें–महापौर

## (बरसात में जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु निगम क्षेत्र में 05 बड़े नालों का निर्माण कार्य अंतिम चरण में)



कोरबा 26 मई 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने निगम के अधिकारियों से कहा है कि प्रगतिरत नालों के निर्माण कार्य में आवश्यक तेजी लाकर कार्यो को पूरा करें, इसके साथ ही जलभराव होने के अन्य कारणों को भी दूर करें ताकि आसन्न वर्षा ऋतु में बरसाती पानी की निर्वाध निकासी सुनिश्चित हो सके तथा बस्तियों, सड़कों में होने वाले जलभराव की समस्या इस वर्ष उत्पन्न न होने पाये।

महापौर श्री प्रसाद ने उक्ताशय के निर्देश निर्माणाधीन नालों के निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान आज दिए। यहां उल्लेखनीय है कि वर्षा ऋतु के दौरान प्रत्येक वर्ष शहर के विभिन्न इलाकों, सड़कों व निचली बस्तियों में जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल की विशेष पहल पर जलभराव की इस समस्या को दूर करने के लिए जिला खनिज न्यास मद से निगम द्वारा लगभग 10 करोड़ रूपये की लागत से पांच बड़े नालों का निर्माण कराया जा रहा है। पावर हाउस रोड से डी.डी.एम. स्कूल तक, डी.डी.एम. स्कूल से राताखार बाईपास रोड तक, राताखार बाईपास रोड से स्वीपर मोहल्ला तक, कोरबा कम्प्यूटर कालेज से क्रिश्चियन कब्रिस्तान तक एवं क्रिश्चियन कब्रिस्तान से मुड़ापार तालाब तक नालों का निर्माण कार्य प्रगति पर है तथा अधिकांश कार्य पूरा कर लिया गया है। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज निगम के अधिकारियों के साथ नालों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होने अधिकारियों से कहा कि शीघ्र ही वर्षा ऋतु प्रारंभ होने वाली है, अतः नालों के निर्माण कार्य में और अधिक तेजी लाई जाए, ताकि जिस उद्‌देश्य को लेकर नालों का निर्माण कार्य कराया

जा रहा है, वह पूरा हो तथा इस वर्ष जलभराव की समस्या उत्पन्न न हों। उन्होने कहा कि निचली बस्तियों, सड़कों में होने वाले जलभराव के अन्य कारणों को भी दूर करें तथा जहां कहीं भी जल निकासी में अवरोध हो रहा है, उन अवरोधों को दूर करते हुए जल निकासी को सुगम बनाएं। उन्होने कहा कि नालों के निर्माण कार्य में लेवल का पूर्ण रूप से ध्यान रखें ताकि बिना किसी अवरोध के जल निकासी हो सके।

**कार्य में लगे मजदूरों की सुरक्षा पर ध्यान दें**— निरीक्षण के दौरान महापौर श्री प्रसाद ने अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि से कहा कि नालों के निर्माण कार्य में लगे हुए मजदूरों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराएं तथा बिना सुरक्षा उपकरण के कार्य न करने दें ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहें। उन्होने निर्माण एजेंसी प्रतिनिधि से कहा कि कार्य के दौरान कोरोना प्रोटोकाल का अनिवार्य रूप से पालन हों, यह सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, कार्यपालन अभियंता आर.के.माहेश्वरी, सहायक अभियंता प्रकाश चन्द्रा, उप अभियंता विनोद गोंड़ सहित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि एवं अन्य लोग उपस्थित थे।